25

हरिभूमि 20/02/2025

# छात्राओं को गणित के बढ़ते व्यापक क्षेत्र और रोजगार की दी जानकारियां

■ मुख्य वक्ता ने छात्राओं को बहुत ही सरल भाषा में गणित की उपयोगिताओं को बताया



रेवाड़ी। रीजनल सेंटर में जानकारी लेते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| नाहड़**

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर स्थित महिला रीजनल सेंटर की छात्राओं ने बुधवार को विवि की ओर से आयोजित गणित विषय में रोजगार के अवसर व्याख्यान में भाग लिया। इस मौके पर छात्राओं ने रोजगार में गणित के व्यापक क्षेत्र की जानकारियां ली। कार्यक्रम का आयोजन भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के गणित विभाग की ओर से विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी निदेशालय उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा के सहयोग से किया गया, जिसमें रीजनल सेंटर के गणित विभाग की अध्यक्ष सुनीता यादव के नेतृत्व में छात्राओं ने गणित के बढ़ते व्यापक क्षेत्र और रोजगार की विस्तृत जानकारियां ली। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं अतिथि के रूप में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के गणित विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर डा. जे एस कीरा थे। मुख्य वक्ता ने छात्राओं को बहुत ही सरल भाषा में गणित की उपयोगिताओं को बताया। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार शिवालिक यादव ने बताया कि गणित एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है, जिसमें रोजगार की असीम संभावनाएं हैं। इस मौके पर छात्रा प्रियंका, साक्षी, सोनिका व बबीता ने गणित के क्षेत्र की व्यापकता व रोजगार के अवसर पर विचार रखे। इस अवसर पर निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने कहा कि छात्राएं गणित की लैब और गणित के व्यापक क्षेत्र पर इस प्रकार के व्याख्यान से जानकारियां लेकर अपने भविष्य का मार्ग आसानी से चयन कर सकती है।

दैनिक जागरण 20/02/2025

# रीजनल सेंटर में व्याख्यान का हुआ आयोजन



रीजनल सेंटर में व्याख्यान के दौरान छात्राओं को जानकारी देते वक्ता ● सौ. शिक्षक

**संस, जागरण ● कोसली :** कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में छात्राओं ने गणित में रोजगार के अवसर विषय पर व्याख्यान में भाग लेकर गणित के व्यापक क्षेत्र की जानकारियां ली। कार्यक्रम का आयोजन भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के गणित विभाग द्वारा विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी निदेशालय उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार के सहयोग से किया गया। रीजनल सेंटर कृष्ण नगर के गणित विभाग अध्यक्ष सुनीता यादव के नेतृत्व में गणित की छात्राओं ने गणित के व्याख्यान में भागीदारी कर गणित के बढ़ते व्यापक क्षेत्र की जानकारियां हासिल की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं अतिथि के रूप में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के गणित विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर प्रो डा. जेएस कीरा रहे। उन्होंने छात्राओं के साथ बातचीत करते हुए बहुत ही सरल भाषा में गणित की उपयोगिता के बारे में बताया।

अमर उजाला 23/02/2025

## शकुंतला देवी पर आधारित फिल्म दिखाई



**कोसली।** सरकारी महिला रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में छात्रों के प्रोत्साहित करने के लिए गणितज्ञ शकुंतला देवी पर आधारित प्रेरणादायक फिल्म रीजनल सेंटर के सेमिनार हॉल के इंटरएक्टिव बोर्ड पर फिल्म दिखाई गई, जिसका आयोजन भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू विभाग द्वारा चलाई जा रही जेंडर चैंपियन एक्टिविटी के तहत हुआ। गणित विभाग अध्यक्ष सुनीता यादव ने बताया कि यह फिल्म प्रसिद्ध भारतीय गणितज्ञ शकुंतला देवी के गणित क्षेत्र में योगदान पर आधारित है, जिसमें उनके करिश्माई व्यक्तित्व ने उन्हें वैश्विक आइकन का दर्जा दिलाया जिससे उन्हें गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में 1982 के संस्करण में जगह मिली। शकुंतला देवी एक गणितज्ञ थी। संवाद

दैनिक जागरण 24/02/25

## रीजनल सेंटर में स्वच्छा रैली निकाली गई



छात्राओं को सम्मानित करते निदेशक व स्टाफ सदस्य • सौ. आयोजक।

**संवाद सहयोगी, जागरण • कोसली:** गांव कृष्ण नगर स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा भगत फूल सिंह जयंती सप्ताह के तहत विभिन्न सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। छात्राओं ने स्वच्छता रैली, मिट्टी के बर्तनों की सजावट व रंगोली निर्माण जैसी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्राओं ने स्वच्छता रैली के माध्यम से आसपास के गांवों में सफाई और स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। समापन पर निदेशक बलबीर सिंह ने छात्राओं को समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सामाजिक जिम्मेदारी के महत्व को रेखांकित करते हुए छात्राओं को आसपास के क्षेत्रों की स्वच्छता और विकास में योगदान देने का आह्वान किया। इस मौके पर डा. यशपाल शर्मा, डा. अनिल कुमार यादव, डा. अंजलि यादव, डा. प्रदीप शर्मा, ज्योति यादव, सुनीता यादव का योगदान सराहनीय रहा।

अमर उजाला 24/02/2025

## छात्राओं ने निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली



**कोसली।** सरकारी महिला रीजनल सेंटर कृष्ण नगर की एनएसएस इकाई 15 ने भगत फूल सिंह जयंती सप्ताह पर सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसके तहत छात्राओं ने स्वच्छता रैली निकाल कर लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया। एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवेश कुमारी के मार्गदर्शन में छात्राओं ने स्वच्छता रैली निकाली। साथ ही मिट्टी के बर्तनों की सजावट और रंगोली निर्माण में उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वच्छता रैली का उद्देश्य आसपास के गांवों में सफाई और स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना था। निदेशक बलबीर सिंह ने समाज सेवा के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। संवाद

दैनिक भास्कर 24/02/2025

## रीजनल सेंटर में दिखाई गणितज्ञ शकुंतला देवी पर बनी प्रेरक फिल्म

**नाहड़ |** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर रीजनल सेंटर में छात्राओं को गणितज्ञ शकुंतला देवी पर बनी प्रेरणादायक फिल्म दिखाई गई। गणित विभाग अध्यक्ष सुनीता यादव ने बताया कि फिल्म में शकुंतला देवी के गणित में योगदान और उनके करिश्माई व्यक्तित्व को दिखाया गया। 1982 में उन्हें गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में स्थान मिला था। निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि शकुंतला देवी ग्रामीण भारत की प्रतिभाशाली गणितज्ञ थी। वह कंप्यूटर से भी तेज गणना कर सकती थी, इसलिए उन्हें 'मानव कंप्यूटर' कहा जाता था। कार्यक्रम में डॉ. यशपाल शर्मा, डॉ. अनीता देवी, डॉ. प्रदीप शर्मा, नीलम यादव, डॉ. योगेंद्र सिंह, अंजू शर्मा, मधुबाला आदि मौजूद रहे।

भास्कर 24/02/25

दैनिक जागरण 25/02/2025

# छठी सदी में विषमतम संप्रदायों के उदय पर व्याख्यान

**संवाद सहयोगी, जागरण, कोसली:** कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में सोमवार को इतिहास विभाग द्वारा छठी सदी ईसा पूर्व में विषमतम संप्रदायों के उदय और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। द्रोणाचार्य कालेज गुड़गांव की डा. निताशा जून ने छात्राओं को ऐतिहासिक ज्ञान और अकादमिक सफलता में मार्गदर्शन करते हुए बताया कि छठी सदी ईसा पूर्व के भारत में उभरे विभिन्न विषमतम संप्रदायों के धार्मिक और दार्शनिक आंदोलनों ने तत्कालीन परिदृश्य को गहनता से प्रभावित किया। उन्होंने इन धर्मों के ऐतिहासिक संदर्भ को विस्तार से समझाते हुए जीवन के विभिन्न आयामों को प्राकृतिक व्यवस्था से जोड़कर छात्राओं को भारतीय समाज पर उनके प्रभाव और उनके वर्तमान महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर छात्राओं की इतिहास सोसायटी हेरिटेजीयम का गठन किया गया जो शैक्षिक आदान-प्रदान, संगोष्ठियों और अन्य गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं को पाठ्यक्रम के बाहर इतिहास से जुड़ने का मंच प्रदान करेगा।

रीजनल सेंटर के इतिहास विभागाध्यक्ष डा. अनिल कुमार ने ऐसे शैक्षिक प्रयासों के लिए अभिव्यक्ति व्यक्त की। निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने छात्राओं को शैक्षिक योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए समर्पण और सही योजना की महत्ता पर जोर दिया। कार्यक्रम में डा. यशपाल शर्मा, डा. अंजलि यादव, डा. प्रवेश कुमारी, नीलम, पूजा, सोनिया, डा .राकेश, युद्धविर, ज्योति यादव, सनीता यादव, निर्मला, सुशीला, मधुबाला, अंजू, वीरेंद्र, रविन्द्र सहित छात्राएं उपस्थित रहीं।



रीजनल सेंटर में आयोजित व्याख्यान में भाग लेती छात्राएं • जागरण

अमर उजाला 25/02/2028

## परीक्षाओं की तैयारी को लेकर व्याख्यान

कोसली। सरकारी महिला रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें छात्राओं को जानकारी दी गई। व्याख्यान में डॉ. निताशा जून ने जैन धर्म और बौद्ध धर्म के बारे में जानकारी दी। उन्होंने इन संप्रदायों के ऐतिहासिक संदर्भ को विस्तार से समझाया। जीवन के विभिन्न आयामों को प्राकृतिक व्यवस्था से जोड़कर छात्राओं को भारतीय समाज पर उनके प्रभाव और उनके वर्तमान महत्व को समझने में मदद मिली। कार्यक्रम का आयोजन इतिहास विभाग, क्षेत्रीय केंद्र, कृष्ण नगर, रेवाड़ी के मुख्य विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार की देखरेख में किया गया था। डॉ. अनिल कुमार ने इस तरह के शैक्षिक प्रयासों के लिए अपनी अभिव्यक्ति व्यक्त की और छात्राओं के लिए इतिहास की समग्र समझ को महत्व दिया। संवाद

दैनिक भास्कर 01/03/2025

# विज्ञान के दैनिक जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला



भास्कर न्यूज | नाहड़

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर, कृष्ण नगर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस उत्साह के साथ मनाया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. पवन कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य, सरकारी पी.जी. कॉलेज, चरखी दादरी रहे। उन्होंने विज्ञान के दैनिक जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को अनुसंधान व नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता में प्रिया और साक्षी प्रथम, पिनकेश और दिव्या द्वितीय, तमन्ना और नीकु तृतीय स्थान पर रहीं। भाषण प्रतियोगिता में अदिति प्रथम, सोनिका द्वितीय, कुकू तृतीय स्थान पर रही। मॉडल प्रदर्शनी में पलक और तमन्ना प्रथम, सोनिका द्वितीय, स्नेहा और खुशी तृतीय स्थान पर रहीं। विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। ओमबीर सिंह तंवर और योगेश यादव ने रीजनल सेंटर पहुंचकर इसके बढ़ते स्तर पर खुशी जताई। डॉ. अनिल कुमार यादव ने आभार जताया। डॉ. यशपाल शर्मा के नेतृत्व में सुनिता यादव, डॉ. प्रदीप कुमार, प्रवेश कुमारी, सोनिया यादव और पूजा ने सहयोग दिया। इस अवसर पर डॉ. अंजलि यादव, डॉ. राकेश कुमार, ज्योति यादव, सनिता यादव, अंजू, मधु बाला, युद्धवीर, अजय, निर्मला आदि मौजूद रहे।

अमर उजाला 01/03/2025

# पोस्टर प्रस्तुति स्पर्धा में प्रिया व साक्षी प्रथम



कोसली। महिला सरकारी रीजनल सेंटर कृष्ण नगर के विज्ञान विभाग की ओर से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। इस दौरान हुई पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता में प्रिया व साक्षी प्रथम, पिनकेश व दिव्या द्वितीय और तमन्ना व नीकू तृतीय स्थान पर रहीं। डॉ. यशपाल शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना था। मुख्य अतिथि डॉ. पवन कुमार शर्मा ने विज्ञान के दैनिक जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता में प्रिया व साक्षी प्रथम, पिनकेश व दिव्या द्वितीय, तमन्ना व नीकू तृतीय स्थान पर रहीं। भाषण प्रतियोगिता में अदिति प्रथम, सोनिका द्वितीय, कुकू तृतीय स्थान पर रहीं। मॉडल प्रदर्शनी में पलक व तमन्ना प्रथम, सोनिका द्वितीय, स्नेहा व खुशी तृतीय स्थान पर रहीं। ओमबीर सिंह तंवर और योगेश यादव ने रीजनल सेंटर पहुंचकर इस मौके पर रीजनल सेंटर के आगे बढ़ते स्तर के लिए खुशी व्यक्त की। संवाद

Dainik Jagran 6/03/2025

# छात्राओं ने किया औद्योगिक इकाई का भ्रमण



भ्रमण के दौरान छात्राओं को जानकारी देते कंपनी अधिकारी● सौ. शिक्षक

संस, जागरण● कोसली : कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर की बीकाम आनर्स की छात्राओं को औद्योगिक प्रक्रियाओं व उत्पादन इकाइयों की कार्यप्रणाली से अवगत कराने के लिए बुधवार को बावल के औद्योगिक क्षेत्र स्थित जेआरजी आटोमोटिव इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का दौरा कराया गया। रीजनल सेंटर के डा. अनिल कुमार, डा. अंजलि यादव, आनंद प्रकाश व सविता यादव के मार्गदर्शन में छात्राओं न औद्योगिक प्रक्रियाओं की जानकारी ली। छात्राओं को निर्माण प्रक्रिया, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन व गुणवत्ता नियंत्रण जैसी महत्वपूर्ण औद्योगिक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। औद्योगिक दौरे में छात्राओं को उत्पादन लाइन, असेंबली प्रक्रिया व आटोमोटिव उद्योग में प्रयुक्त नवीनतम तकनीकों को देखने और समझने का अवसर मिला। कंपनी के विशेषज्ञों ने औद्योगिक संचालन, करियर के अवसरों और उद्योग की आवश्यकताओं से जुड़ी जानकारी साझा की। डा. अनिल ने बताया कि छात्राओं का औद्योगिक दौरा बेहद ज्ञानवर्धक व उपयोगी रहा, जिससे छात्राओं को सैद्धांतिक शिक्षा व व्यावहारिक अनुभव के बीच के अंतर को समझने का अवसर मिला। संकाय सदस्यों ने इस तरह के औद्योगिक दौरों के महत्व पर जोर दिया व कहा कि यह छात्राओं को कारपोरेट व औद्योगिक क्षेत्र को बेहतर ढंग से समझने में मदद करता है।

अमर उजाला 06/03/2025

# छात्राओं ने औद्योगिक क्षेत्र का किया दौरा



**कोसली।** सरकारी महिला रीजनल सेंटर कृष्ण नगर की बीकॉम (ऑनर्स) की छात्राओं ने औद्योगिक क्षेत्र बावल का दौरा किया। छात्राओं को डॉ. यशपाल शर्मा, डॉ. अनिल कुमार यादव और अजय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दौरे का उद्देश्य छात्राओं को औद्योगिक प्रक्रियाओं और उत्पादन इकाइयों की कार्यप्रणाली से अवगत कराना था। जेआरजी ऑटोमोटिव इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंधन ने छात्राओं को निर्माण प्रक्रिया, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन और गुणवत्ता नियंत्रण की जानकारी दी। कंपनी के विशेषज्ञों ने छात्राओं के साथ बातचीत की और औद्योगिक संचालन, करियर के अवसरों और उद्योग की आवश्यकताओं से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। इस मौके पर डॉ. अनिल कुमार, डॉ. अंजलि यादव, आनंद प्रकाश और सविता यादव मौजूद रहे। संवाद

07/03/2025 दैनिक भास्कर

30

# रीजनल सेंटर में कॉमर्स क्विज़ प्रतियोगिता में रेवाड़ी की टीम प्रथम

भास्कर न्यूज | नाहड़

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर, कृष्ण नगर में कॉमर्स विभाग की 'अर्थवेदा सोसाइटी' द्वारा इंटर-कॉलेज क्विज प्रतियोगिता आयोजित हुई। विभागाध्यक्ष डॉ. अंजलि यादव के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में अंजलि और वंदना ने मंच संचालन किया।

प्रतियोगिता में राजकीय महिला महाविद्यालय रेवाड़ी, एसके राजकीय महाविद्यालय कंवाली, राजकीय महाविद्यालय नाहड़, राजकीय महाविद्यालय कोसली और रीजनल सेंटर, कृष्ण नगर की टीमों ने भाग लिया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों के ज्ञान और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को बढ़ावा देना था। कड़े मुकाबले में राजकीय महिला महाविद्यालय, रेवाड़ी की खुशी, प्रियंका और खुशबु की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। रीजनल सेंटर, कृष्ण नगर की कोमल, अनीशा और जागृति की



टीम दूसरे स्थान पर रही। राजकीय महाविद्यालय, नाहड़ की रितू और महक की टीम तीसरे स्थान पर रही।

रीजनल सेंटर के निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन छात्राओं में प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करते हैं, जिससे आत्मविश्वास बढ़ता है और लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलती है। प्रतियोगिता का समापन डॉ. अनिल कुमार के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। आयोजन बेहद सफल रहा और विद्यार्थियों को शैक्षिक प्रतिस्पर्धा में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इसे सफल बनाने में डॉ. प्रवेश भारद्वाज, डॉ. प्रदीप शर्मा, अजयपाल; ज्योति यादव, सनीता यादव, मधुबाला, निर्मला, सुशीला आदि ने सहयोग दिया। डॉ. अनीता देवी और अंजू शर्मा उपस्थित रहीं।

7/03/2025 अमर उजाला

# क्विज स्पर्धा में राजकीय महिला कॉलेज प्रथम

संवाद न्यूज एजेंसी

**कोसली।** कृष्ण नगर स्थित महिला रीजनल सेंटर के वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अंजलि यादव के नेतृत्व में इंटर-कॉलेज क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में राजकीय महिला महाविद्यालय की टीम प्रथम रही।

क्विज प्रतियोगिता में राजकीय महिला महाविद्यालय रेवाड़ी, एसके राजकीय महाविद्यालय कंवाली, राजकीय महाविद्यालय नाहड़, राजकीय महाविद्यालय कोसली और रीजनल सेंटर के कॉमर्स विभाग की टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के ज्ञान और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को बढ़ावा देना था।



इंटर-कॉलेज क्विज प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राएं। स्रोत: कॉलेज

राजकीय महिला महाविद्यालय रेवाड़ी की टीम से खुशी, प्रियंका व खुशबू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रीजनल सेंटर कृष्ण नगर की टीम से कोमल, अनीशा व जागृति द्वितीय स्थान पर रहीं। जबकि राजकीय महाविद्यालय नाहड़ की टीम से रितु व महक तृतीय स्थान पर रहीं।

रीजनल सेंटर के निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने टीमों का स्वागत किया। कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्राओं में प्रतिस्पर्धात्मक भावना पैदा करते हैं।

07/03/2025 दैनिक जागरण

# प्रश्नोत्तरी में महाविद्यालय रेवाड़ी रहा प्रथम



विजेता छात्राओं को सम्मानित करते निदेशक व स्टाफ सदस्य • सौ. शिक्षक

**संस, जागरण • कोसली :** कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष डा. अंजलि यादव के मार्गदर्शन में विभाग की अथर्ववेदा सोसायटी द्वारा इंटर-कालेज प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में राजकीय महिला महाविद्यालय रेवाड़ी, एसके राजकीय महाविद्यालय कंवाली, राजकीय महाविद्यालय नाहड़, राजकीय महाविद्यालय कोसली और रीजनल सेंटर के कामर्स विभाग की टीमों ने भाग लिया। राजकीय महिला महाविद्यालय रेवाड़ी की छात्राओं खुशी, प्रियंका, खुशबु की टीम ने प्रथम, रीजनल सेंटर कृष्ण नगर की छात्राओं कोमल, अनीशा, जागृति की टीम ने द्वितीय तथा राजकीय महाविद्यालय नाहड़ की छात्राओं रितु, महक की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रीजनल सेंटर के निदेशक प्रो बलबीर सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलती है। इस अवसर पर डा. अनिल कुमार, डा. प्रवेश, डा. प्रदीप, अजयपाल, ज्योति, सनीता, मधुबाला, निर्मला, सुशीला, डा. अनीता देवी व अंजू शर्मा उपस्थित रहीं।

दैनिक भास्कर 9/03/2025

# पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन और रंगोली में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

भास्कर न्यूज | रेवाड़ी

गांव कृष्ण नगर स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। एनएसएस इकाई और महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में हुए इस आयोजन में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन और रंगोली प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता का प्रदर्शन किया। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. यशपाल शर्मा ने छात्राओं को महिला सुरक्षा और कल्याण के



प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। रीजनल सेंटर के निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने छात्राओं को बधाई दी और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर डॉ. अनिल कुमार यादव, डॉ. अंजलि यादव, डॉ. प्रवेश कुमारी और संगीता यादव ने आयोजन सफल बनाने में सहयोग दिया।

दैनिक जागरण 9/03/2025

# प्रतियोगिता में छात्राओं ने किया सराहनीय प्रदर्शन

**संस, जागरण • कोसली:** कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के महिला रीजनल सेंटर में शनिवार को एनएसएस इकाई तथा महिला प्रकोष्ठ समन्वयक डा. अंजलि यादव तथा डा. प्रवेश कुमारी के मार्गदर्शन में छात्राओं की पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता का प्रदर्शन किया।

एसोसिएट प्रोफेसर डा. यशपाल शर्मा ने छात्राओं से महिला सुरक्षा और कल्याण के प्रति सामाजिक जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। रीजनल सेंटर के निदेशक प्रो बलबीर सिंह ने छात्राओं को महिला दिवस की बधाई देते हुए उन्हें अपने जीवन में बेहतर करने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर डा. अनिल कुमार यादव, डा. अंजलि यादव, डा. प्रवेश कुमारी, सनिता यादव व छात्राएं उपस्थित रहीं।

9/03/2025 अमर उजाला

## छात्राओं ने बनाई रंगोली, लिखे स्लोगन

कोसली। सरकारी महिला रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम एनएसएस इकाई-15 और महिला प्रकोष्ठ समन्वयक डॉ. [illegible] यादव और डॉ. प्रवेश कुमारी के मार्गदर्शन में किया गया। पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन और रंगोली बनाने की प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता का प्रदर्शन किया। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. यशपाल शर्मा ने छात्राओं को महिला सुरक्षा और कल्याण के प्रति सामाजिक जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। संवाद

13/03/2025 दैनिक जागरण

## समाज में प्रेम और एकता का संदेश फैलाता है होली



रीजनल सेंटर में रंगों का त्योहार होली मनाती छात्राएं • सौ. शिक्षक

संस, जागरण • कोसली : कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के महिला रीजनल सेंटर में बुधवार को रंगों का त्योहार होली हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। एसोसिएट प्रोफेसर डा. यशपाल शर्मा ने होली के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और समाज में प्रेम और एकता का संदेश फैलाता है। रीजनल सेंटर के निदेशक प्रो बलबीर सिंह ने छात्राओं से इस त्योहार के सकारात्मक संदेश को आत्मसात करने का आह्वान किया। छात्राओं ने एक-दूसरे को रंग लगाकर और होली के प्रसिद्ध गीतों पर नृत्य कर पर्व का आनंद लिया।

अमर उजाला 18/03/2025

# बालिकाएं उच्च शिक्षा ग्रहण कर बनें आत्मनिर्भर : कृष्णा



सरकारी ग्रामीण रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में आयोजित व्याख्यान का दृश्य। स्रोत : कॉलेज

संवाद न्यूज एजेंसी

रेवाड़ी। सरकारी ग्रामीण रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में चाइल्ड हेल्प फाउंडेशन की ओर से बालिकाओं के अधिकार और कल्याण पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इसका संचालन डॉ. अनिल कुमार यादव ने किया।

एनजीओ के प्रतिनिधि कृष्णा यादव ने कहा कि बालिकाओं को उच्च शिक्षा ग्रहण कर आत्मनिर्भर बनना चाहिए। क्योंकि जीवन में विपरीत परिस्थितियों में शिक्षा ही एकमात्र सहारा होता है। नितांशी यादव ने छात्राओं को अपने अधिकारों के बारे में जागरूक किया।

जोगिंदर यादव और भूपेंद्र सभी ने जरूरतमंद छात्राओं की सहायता करने की बात कही। सत्र के दौरान, एनजीओ सदस्यों ने बालिकाओं और महिलाओं के लिए उपलब्ध विभिन्न अधिकारों, कर्तव्यों और सरकारी सुविधाओं की जानकारी दी, जिससे उन्हें सशक्त बनाया जा सके।

रीजनल सेंटर के निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने बालिका शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और छात्राओं को उपलब्ध संसाधनों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उसके साथ ही छात्राओं को सामाजिक और पारिवारिक समन्वय और सौहार्द को बनाने के लिए उच्च संस्कारों परिचय देना चाहिए। कार्यक्रम का समापन डॉ.यशपाल शर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर छात्राओं, शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी रही।

18/03/2025 दैनिक भास्कर

## जिला परिषद सीईओ ने की सरकारी योजनाओं की समीक्षा

रेवाड़ी | पंचायत भवन कार्यालय में जिला परिषद के सीईओ प्रदीप कुमार और डिप्टी सीईओ अंकित चौहान ने स्टाफ की बैठक ली। जिला परिषद द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की समीक्षा की। कार्यों की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। आगामी जिला परिषद हाउस मीटिंग 18 मार्च को होनी है। इससे जुड़े कार्यों को सही तरीके से पूरा करने के लिए स्टाफ को जिम्मेदारियां सौंपी।

## बालिकाओं के अधिकारों पर हुआ व्याख्यान, शिक्षा को बताया संबल

नाहड़ | भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर स्थित रीजनल सेंटर में 'चाइल्ड हेल्प फाउंडेशन' एनजीओ ने बालिकाओं के अधिकार और कल्याण पर विस्तार व्याख्यान आयोजित किया। मंच संचालन डॉ. अनिल कुमार यादव ने किया। एनजीओ प्रतिनिधि कृष्णा यादव ने कहा कि छात्राओं को अपनी सोच बदलकर उच्च शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। नितांशी यादव ने छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। जोगिंदर यादव और भूपेंद्र ने जरूरतमंद छात्राओं की सहायता करने पर जोर दिया। रीजनल सेंटर के निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने बालिका शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। डॉ. यशपाल शर्मा ने सभी का आभार ज्ञापित किया।



दैनिक जागरण 18/03/2025

## छात्राएं करें उच्च शिक्षा ग्रहण करने का प्रयास

संस, जागरण • कोसली: कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में चाइल्ड हेल्प फाउंडेशन द्वारा बालिकाओं के अधिकार और कल्याण पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। फाउंडेशन प्रतिनिधि कृष्णा यादव ने कहा कि छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने का प्रयास करना चाहिए। जीवन की विपरीत परिस्थितियों में शिक्षा ही एकमात्र सहारा होता है। नितांशी यादव ने छात्राओं को बालिकाओं और महिलाओं के विभिन्न अधिकारों, कर्तव्यों और सरकारी द्वारा प्रदत्त की जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने छात्राओं को उपलब्ध संसाधनों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं को सामाजिक सौहार्द को बनाने के लिए उच्च संस्कारों पालन करना चाहिए।

दैनिक जागरण 23/03/2025

## पोस्टर मेकिंग व हस्ताक्षर अभियान चलाया



छात्राओं को सम्मानित करते निदेशक एवं स्टाफ सदस्य ● जागरण

संवाद सहयोगी, जागरण, कोसली : कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर विज्ञान विभाग के डा. यशपाल शर्मा के मार्गदर्शन में जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग तथा बीआरसी ओमवती के सहयोग से विश्व जल दिवस पर पोस्टर मेकिंग व हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। छात्राओं को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। पोस्टर मेकिंग में मनीषा व निकिता प्रथम, गीतिका व तन्नू द्वितीय तथा दीपिका व अन्नू तृतीय स्थान पर रही। छात्रा साक्षी व प्रियंका को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। निदेशक प्रो बलबीर सिंह ने कहा कि विश्व जल दिवस 2025 की थीम ग्लेशियर संरक्षण थी, जिसका उद्देश्य ग्लेशियरों की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करना और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को देखते हुए उनके संरक्षण की आवश्यकता पर बल देना है। छात्राओं को स्वच्छ और सुरक्षित जल के महत्व को समझते हुए समाज में जागरूकता फैलानी चाहिए। डा अनिल कुमार यादव, डा प्रवेश कुमारी, डा अंजलि यादव, डा प्रदीप, पूजा यादव, सुनीता यादव सहित छात्राएं उपस्थित रही।

दैनिक भास्कर 23/03/2025

## जल संरक्षण पर जागरूकता



### विश्व जल दिवस पर पोस्टर मेकिंग व हस्ताक्षर अभियान

नाहड़ | भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर रीजनल सेंटर में विश्व जल दिवस पर कार्यक्रम हुआ। विज्ञान विभाग में डॉ. यशपाल शर्मा कार्यक्रम के संयोजक रहे। उन्होंने कहा कि जल प्रकृति की अमूल्य धरोहर है। इसे संरक्षित रखना सभी की जिम्मेदारी है। छात्राओं में जागरूकता बढ़ाने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के सहयोग से रेवाड़ी से बी.आर.सी. ओमवती के संरक्षण में यह कार्यक्रम हुआ। पोस्टर प्रस्तुति, हस्ताक्षर अभियान और शपथ ग्रहण कराया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में मनीषा और निकिता प्रथम रहीं। गीतिका और तन्नू को दूसरा स्थान मिला। दीपिका और अन्नू तीसरे स्थान पर रहीं। साक्षी और प्रियंका को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने छात्राओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विश्व जल दिवस 2025 की थीम 'ग्लेशियर संरक्षण' है। इसका उद्देश्य ग्लेशियरों की भूमिका को उजागर करना और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को देखते हुए उनके संरक्षण की जरूरत पर जोर देना है। इस अवसर पर डॉ. अनिल कुमार यादव, डॉ. प्रवेश कुमारी, डॉ. अंजलि यादव, डॉ. प्रदीप, पूजा यादव, संगीता यादव सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

हरिभूमि 23/03/2025

## जल संरक्षण पर पोस्टर मेकिंग में मनीषा व निकिता बनी विजेता

- पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता व हस्ताक्षर अभियान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नाहड़

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर स्थित महिला रीजनल सेंटर में विज्ञान विभाग के डा. यशपाल शर्मा के मार्गदर्शन में जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग तथा बीआरसी ओमवती के सहयोग से विश्व जल दिवस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता व हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। छात्राओं को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। पोस्टर मेकिंग में मनीषा व निकिता प्रथम, गीतिका व तन्नू द्वितीय तथा दीपिका व अन्नू तृतीय स्थान पर रही। छात्रा साक्षी व प्रियंका को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर निदेशक प्रो बलबीर सिंह ने बताया कि विश्व जल दिवस 2025 की थीम ग्लेशियर संरक्षण थी, जिसका उद्देश्य ग्लेशियरों की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करना और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को देखते हुए उनके संरक्षण की आवश्यकता पर बल देना है। छात्राओं को स्वच्छ और सुरक्षित जल के महत्व को समझते हुए समाज में जागरूकता फैलानी चाहिए। कार्यक्रम में डा. अनिल कुमार यादव, डा. प्रवेश कुमारी, डा. अंजलि यादव, डा. प्रदीप, पूजा यादव व सनिता यादव सहित अनेक छात्राएं उपस्थित रही।



रेवाड़ी। जल संरक्षण के पोस्टर दिखाती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि


हरि भूमि 13/04/2025

रीजनल सेंटर में अंतर कक्षा क्विज प्रतियोगिता

# महक, महक यादव व मधु की टीम बनीं विजेता

■ पुरातात्विक खोजें इतिहास की निरंतरता और बदलाव को समझने में होती है सहायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नाहड़



रेवाड़ी। विजेता छात्राओं को पुरस्कृत करते निदेशक व अतिथि। फोटो: हरिभूमि

भगत फूलसिंह महिला विश्विद्यालय के कृष्ण नगर स्थित महिला रीजनल सेंटर में इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डा. अनिल कुमार यादव के नेतृत्व में शनिवार को डा. बी आर अंबेडकर और इतिहास विषय पर अंतर-कक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने अपनी रुचि एवं ज्ञान का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर केएलपी कॉलेज के विशेषज्ञ अनिल यादव ने इतिहासः निरंतरता और परिवर्तन-विशेष संदर्भः पुरातात्विक स्रोत विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि पुरातात्विक खोजें इतिहास की निरंतरता और बदलाव को समझने में सहायक होती हैं। रीजनल सेंटर के निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने इतिहास के महत्व पर प्रकाश डाला। इतिहास विभागाध्यक्ष डा. अनिल कुमार ने क्विज प्रतियोगिता का संचालन किया, छात्रा रितिका ने मंच संचालन और छात्रा मुस्कान ने स्कोर बोर्ड को संचालित किया। सनीता यादव ने इंटरेक्टिव बोर्ड को संचालित करने मे सहयोग किया और अंजू शर्मा ने टाइम कीपर की भूमिका निभाइ। डा. अंजलि यादव, डा. प्रवेश भारद्वाज व ज्योति यादव ने कार्यक्रम में सहयोग दिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता को पांच चरणों में पूरा किया, जिसमें महक, महक यादव व मधु ने प्रथम, नीतू, प्रिया व सविता ने द्वितीय तथा रेखा, अंशिका व आशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डा.यशपाल शर्मा, बीरेन्द्र, निर्मला, सुशीला, रविन्द व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की अन्य टीम में छात्रा कीर्ति, अंजलि, हेमलता, मनीषा, तनीशा व तमन्ना मौजूद रही।

**प्रतिभा विकसित होती है**

डा. अनिल यादव व प्रो. बलबीर सिंह ने विजेताओं का किया। उन्होंने कहा कि छात्राओं में इस प्रकार की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता से प्रतिस्पर्धाओं की चुनौतियों का सामना करने की प्रतिभा विकसित होती है और आत्मविश्वास मिलता है। विभागाध्यक्ष डा. अनिल कुमार यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, बशर्ते उन्हें आगे बढ़ाने की इच्छा और सही दिशा में ले जाना वाला प्लेटफॉर्म मिलना चाहिए।

दैनिक जागरण 13/04/2025

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित

संवाद सहयोगी, जागरण ● कोसली: कृष्णनगर स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में शनिवार को इतिहास विभाग द्वारा एक्सटेंशन लेक्चर और अंतर-कक्षा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें केएलपी कालेज रेवाड़ी के विशेषज्ञ अनिल यादव ने इतिहास: निरंतरता और परिवर्तन, विशेष संदर्भ: पुरातात्विक स्रोतों विषय अपने वक्तव्य में बताया कि कैसे पुरातात्विक खोजें इतिहास की निरंतरता और बदलाव को समझने में सहायक होती हैं। इतिहास विभागाध्यक्ष डा. अनिल कुमार के मार्गदर्शन में हुई क्विज प्रतियोगिता का संचालन छात्रा रितिका, स्कोर बोर्ड का संचालन छात्रा मुस्कान व इंटरेक्टिव बोर्ड का संचालन सनीता यादव ने तथा अंजू शर्मा ने टाइम कीपर की भूमिका निभाई। जिसमें महक, महक यादव, मधु की टीम प्रथम रहीं। नीतू, प्रिया, सविता की टीम द्वितीय तथा रेखा, अंशिका, आशा की टीम तृतीय स्थान पर रही। विजेता टीमों को डा अनिल यादव व निदेशक प्रो बलबीर सिंह ने सम्मानित किया। इस अवसर पर डा यशपाल शर्मा, बीरेन्द्र, निर्मला, सुशीला, रविन्द्र सहित छात्राएं उपस्थित रही।

अमर उजाला 18/04/2025

## यातायात नियमों का सख्ती से पालन जरूरी

कोसली। ग्रामीण सरकारी महिला रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में सड़क सुरक्षा माह को मनाया गया। महीने भर चलने वाले इस कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस यूनिट 15 के तत्वावधान में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवेश कुमारी के नेतृत्व में किया गया। रीजनल सेंटर के निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने कहा सुरक्षित ड्राइविंग अभ्यास अपनाने और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने का आग्रह किया। संवाद

दैनिक भास्कर 18/04/2025

# सड़क सुरक्षा पर छात्राओं ने निकाली रैली, ली शपथ

भास्कर न्यूज/नाहड़



भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर, रेवाड़ी स्थित रीजनल सेंटर में सड़क सुरक्षा माह मनाया गया। यह दक्षिण हरियाणा का एकमात्र ग्रामीण सरकारी महिला रीजनल सेंटर है। कार्यक्रम एनएसएस यूनिट-15 के तहत डॉ. प्रवेश कुमारी के नेतृत्व में हुआ। पूरे महीने छात्राओं ने सड़क सुरक्षा को लेकर कई गतिविधियों में भाग लिया।

छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली। पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया। सड़क सुरक्षा की शपथ ली। अपने गांवों में जाकर लोगों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी। रीजनल सेंटर के निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने ट्रैफिक नियमों का पालन करने और सुरक्षित ड्राइविंग की अपील की। कार्यक्रम में छात्राओं और स्टाफ की सक्रिय भागीदारी रही। यह सड़क सुरक्षा के प्रति उनकी जिम्मेदारी को दर्शाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. यशपाल शर्मा, डॉ. अनिल कुमार यादव, डॉ. अंजलि यादव, सनीता यादव, ज्योति यादव, निर्मला, सुशीला ने सहयोग दिया।

एनएसएस की छात्राओं मनीषा, निकिता, अदिति, नीतू, कोमल, सपना, महक, रेखा, अंशिका, प्रिया, रितिका, मुस्कान, महक यादव, मधु यादव ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। उन्होंने अपनी प्रतिभा से अन्य छात्राओं को जागरूक किया।

15/04/2025 हरिभूमि

18/04/2025 हरिभूमि

34

# एनएसएस इकाई की ओर से कार्यक्रम का आयोजन



नाहड़। महिला रीजनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित एनएसएस स्वयंसेविकाएं।

**नाहड़।** भगत फूलसिंह महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर स्थित महिला रीजनल सेंटर में संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर एनएसएस स्वयंसेविकाओं की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की समन्वयक व एनएसएस इकाई-15 की कार्यक्रम अधिकारी डा. प्रवेश भारद्वाज ने कार्यक्रम का संचालन किया। रीजनल सेंटर के निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने छात्राओं को डा. अंबेडकर के आदर्शों पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक और गैर-शिक्षक स्टाफ की उपस्थिति रही। इस मौके पर रीतू, सपना, कोमल, मनीषा, प्रिया, सोनिका, साक्षी, मुस्कान, तनु, बबीता, पूजा व प्रियंका सहित अनेक छात्राएं मौजूद थी।

# छात्राओं ने अनेक गतिविधियों के माध्यम से दी सड़क सुरक्षा की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नाहड़


गत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के गांव कृष्ण नगर स्थित महिला रीजनल सेंटर में सड़क सुरक्षा माह मनाया गया। महीने भर चलने वाले इस कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस यूनिट-15 के तत्वावधान में कार्यक्रम अधिकारी डा. प्रवेश कुमारी के नेतृत्व में किया गया। सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए महीने भर कई प्रभावशाली गतिविधियां आयोजित की गई, जिसमें जागरूकता रैली, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता व शपथ ग्रहण समारोह सहित छात्राओं ने गांवों में



रेवाड़ी। कार्यक्रम में शिक्षकों के साथ अपने पोस्टर दिखाती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर रीजनल सेंटर के निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने छात्राओं से सुरक्षित ड्राइविंग करने और अपनी व दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में डा. यशपाल शर्मा, डा. अनिल कुमार यादव, डा. अंजलि यादव, सनीता यादव, ज्योति यादव, निर्मला व सुशीला ने सहयोग दिया। कार्यक्रम में एनएसएस छात्रा मनीषा, निकिता, अदिति, नीतू, कोमल, सपना, महक, रेखा, अंशिका, प्रिया छात्राओं को जागरूक किया।

20/04/2025 हरिभूमि



रेवाड़ी। रीजनल सेंटर में फिल्म मणिकर्णिका देखते हुए छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

# छात्राएं रानी लक्ष्मीबाई पर आधारित मणिकर्णिका फिल्म देखकर प्रभावित

- **आयोजन का उद्देश्य लैंगिक समानता को बढ़ावा देना और प्रेरणा दायक कहानी के माध्यम से छात्राओं को प्रोत्साहित करना था**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कोसली

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर स्थित महिला रीजनल सेंटर में शनिवार को सुनिता यादव ने विश्वविद्यालय के विभाग डीन स्टूडेंट् वेलफेयर की ओर से चलाई जा रही जेंडर चैम्पियन गतिविधि के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए ऐतिहासिक फिल्म मणिकर्णिका द क्वीन ऑफ झांसी दिखाई गई। आयोजन का उद्देश्य लैंगिक समानता को बढ़ावा देना और रानी लक्ष्मीबाई की प्रेरणादायक कहानी के माध्यम से छात्राओं को प्रोत्साहित करना था। फिल्म में रानी लक्ष्मीबाई के साहस, नेतृत्व और देशभक्ति को प्रभावशाली रूप से दर्शाया गया है। छात्राएं उनकी शहादत और अदम्य साहस से अत्यंत प्रभावित हुईं और उनमें एक नई प्रेरणा तथा आत्मबल जागृत हुआ। इस अवसर पर रीजनल सेंटर के निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विश्वविद्यालय के उस लक्ष्य को भी साकार करते है, जिसके अंतर्गत छात्राओं में नेतृत्व क्षमता और लैंगिक संवेदनशीलता विकसित की जाती है। अदम्य साहस से ओतप्रोत फिल्म देखकर अदिति, मुस्कान, सपना, कोमल व ज्योति ने कहा कि इस फिल्म से संस्कारों और देश भक्ति की भावना से राष्ट्र के प्रति समर्पण की प्रेरणा मिलती है।

अमर उजाला 20/04/2025

# छात्राओं को रानी लक्ष्मीबाई की कहानी बताई

**कोसली।** ग्रामीण सरकारी महिला रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए फिल्म मणिकर्णिका का विशेष प्रदर्शन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य लैंगिक समानता को बढ़ावा देना और रानी लक्ष्मीबाई की प्रेरणादायक कहानी के माध्यम से छात्राओं को प्रोत्साहित करना था। फिल्म में रानी लक्ष्मीबाई के साहस, नेतृत्व और देशभक्ति को प्रभावशाली रूप से दर्शाया गया। छात्राएं उनके बलिदान और अदम्य साहस से अत्यंत प्रभावित हुईं और उनमें एक नई प्रेरणा तथा आत्मबल जागृत हुआ। इस विषय पर रीजनल सेंटर के निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने अपने संदेश में बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम विश्वविद्यालय के उस लक्ष्य को भी साकार करते हैं। इसके अंतर्गत छात्राओं में नेतृत्व क्षमता और लैंगिक संवेदनशीलता विकसित की जाती है जिससे महिलाएं हर क्षेत्र अपना श्रेष्ठ योगदान दे सकती हैं। संवाद

अमर उजाला 26/04/25

# मृत पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि

**कोसली।** सरकारी महिला रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में शोकसभा कर पहलगाम में आतंकी हमले में जान गंवाने वाले पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

रीजनल सेंटर के निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने पहलगाम की घटना की निंदा की। उन्होंने शांति, सौहार्द बनाए रखने की अपील की। साथ ही आतंकवाद के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग की। भारत रक्षा मंच के नेतृत्व में घटना केविरोध में गुड़ियानी गांव में बाजार बंद किया गया था। संवाद

दैनिक जागरण 26/04/2025

# रीजनल सेंटर में हमले की निंदा कर एकजुट रहने का दिया संदेश

गांव कृष्ण नगर स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। निदेशक प्रोफेसर बलबीर सिंह ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए ऐसे समय में एकजुट रहने की आवश्यकता पर बल दिया।

35

दैनिक जागरण 30/04/2025

# छात्राओं को विश्वविद्यालय ने कराया शैक्षणिक भ्रमण



झज्जर गुरुकुल में पुरातात्विक स्त्रोतो की जानकारी देते स्वामी विरजानंद • सौ. शिक्षक

**संवाद सहयोगी, जागरण • कोसली:** कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के महिला रीजनल सेंटर के इतिहास विभाग और इतिहास सोसायटी हेरिटेजियम द्वारा छात्राओं के लिए हिसार स्थित पुरातात्विक स्थल राखीगढ़ी और झज्जर स्थित गुरुकुल के शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया।

विभागाध्यक्ष डा. अनिल कुमार यादव ने बताया कि इसका उद्देश्य इतिहास विषय को रुचिकर बनाने के साथ छात्राओं को अपनी विरासत, संस्कृति और सभ्यता से परिचित कराने के साथ-साथ अनुसंधान के लिए प्रोत्साहित करना था। छात्राओं ने विश्व प्रसिद्ध हड़प्पा सभ्यता के एक महत्वपूर्ण स्थल राखीगढी का भ्रमण कर वहां के अवशेषों को देखा। गुरुकुल झज्जर में छात्राओं ने खोदाई में प्राप्त प्राचीन सिक्कों, मिट्टी के बर्तन, स्मारक और ताम्र पत्र आदि का अवलोकन किया। निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने अपने संदेश में कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि करते हैं और उनकी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को मजबूत बनाते हैं। भ्रमण से प्रसन्न छात्राओं ने इसे ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक अनुभव बताया। भ्रमण को सफल बनाने में इतिहास सोसायटी हेरिटेजियम की अध्यक्ष छात्रा रेखा, मुस्कान, रितिका, अंशिका, गुलशन, मनीषा, अंजलि व स्टाफ सदस्य डा प्रवेश भारद्वाज, डा. अंजलि यादव, सविता यादव, आनंद प्रकाश, बीरेंद्र का योगदान रहा। राखीगढ़ी में डा. अप्पू तथा झज्जर गुरुकुल में स्वामी विरजानंद ने छात्राओं को पुरातात्विक स्त्रोतों के बारे में जानकारी दी।

# शालू, जागृति, सोनिया व मुस्कान बनीं मिस फेयरवेल



भास्कर न्यूज | नाहड़

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर स्थित रीजनल सेंटर में अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। सीनियर्स को भावुक विदाई दी गई।

समारोह में पेपर डांस, रैंप वॉक, पिक ए स्लिप और ट्रुथ एंड डेयर जैसी प्रतियोगिताएं हुईं। इन खेलों ने माहौल को खुशनुमा बना दिया। छात्राओं की भागीदारी और जोश ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम की खास बात मिस फेयरवेल का चयन रहा। बीए से सोनिया, बीएससी से मुस्कान, बीकॉम (ऑनर्स) से जागृति और एमए (राजनीति विज्ञान) से शालू को मिस फेयरवेल चुना गया। इन छात्राओं को आत्मविश्वास, व्यवहार और योगदान के आधार पर सम्मानित किया गया।

एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. यशपाल शर्मा ने कहा कि यह समय नए अवसरों की ओर बढ़ने का है। यह जीवन की नई शुरुआत है। प्रो. बलबीर सिंह ने कहा कि छात्राएं लक्ष्य तय कर सोच-समझकर कोर्स का चयन करें। डॉ. अनिल कुमार यादव ने छात्राओं को प्रेरित किया कि वे जिस भी क्षेत्र में जाएं, संस्थान की प्रतिष्ठा बनाए रखें। छात्रा अदिति ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर सभी टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ मौजूद रहा।


दैनिक भास्कर 01/05/2025

अमर उजाला 30/04/2025

# सिक्के, ताम्र पत्र व स्मारक की ली जानकारी

## राखीगढ़ी और गुरुकुल का शैक्षणिक भ्रमण कर छात्राओं ने प्राचीन इतिहास जाना

**संवाद न्यूज एजेंसी**



**कोसली में ग्रामीण महिला सरकारी रीजनल सेंटर के विद्यार्थी भ्रमण करते। स्रोत : कॉलेज**

कोसली। ग्रामीण महिला सरकारी रीजनल सेंटर के इतिहास विभाग और इतिहास सोसाइटी हेरिटेज की तरफ से हिसार स्थित पुरातात्विक स्थल राखीगढ़ी और झज्जर में स्थित पुरातात्विक स्त्रोतों के भंडार गुरुकुल के लिए एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया।

इस भ्रमण का आयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार यादव के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने इस भ्रमण का उद्देश्य बताया कि इतिहास विषय को रूचि कर बनाने के साथ छात्राओं में अपनी विरासत, संस्कृति और सभ्यता पर गर्व करने के साथ-साथ उसको आने वाली पीढ़ियों के लिए सहेजकर रखना और अनुसंधान के लिए प्रोत्साहित करना था।

राखीगढ़ी में छात्राओं को विश्व की प्राचीनतम नगरी सभ्यताओं में से एक से एक अवशेषों को देखने का अवसर प्रदान किया। गुरुकुल झज्जर में छात्राओं ने खुदाई में प्राप्त प्राचीन सिक्के, मिट्टी के बर्तन, स्मारक और ताम्र पत्र आदि का अवलोकन किया, जिससे उन्हें भारत की ऐतिहासिक धरोहर के बारे में गहरी जानकारी मिली।

इस अवसर पर प्रो. बलबीर सिंह ने अपने संदेश में कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि करते हैं और उनकी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को मजबूत बनाते हैं। सभी छात्राएं इस भ्रमण से अत्यंत प्रसन्न दिखी। इस कार्यक्रम में इतिहास सोसाइटी हेरिटेज की अध्यक्ष छात्रा रेखा, मुस्कान, रितिका, अंशिका, गुलशन, मनीषा, अंजलि छात्राओं ने नेतृत्व कर अपने विभाग की प्रतिष्ठा को स्थापित किया।

अमर उजाला 01/05/2025

## अंतिम वर्ष की छात्राओं को दी विदाई




अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का दृश्य। स्रोत : कॉलेज

रेवाड़ी। सरकारी महिला रीजनल सेंटर कृष्ण नगर की अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने सीनियर छात्राओं को विदाई दी। समारोह में पेपर डांस, रैंप वॉक, पिक ए स्लिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. यशपाल शर्मा ने कहा कि यह वह समय है जब अंतिम वर्ष की छात्राओं को नए अवसरों के लिए आगे बढ़ना है। उन्होंने सभी छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। प्रो. बलबीर सिंह ने कहा कि छात्राएं लक्ष्य को निर्धारित कर कोर्स का चयन करें। डॉ. अनिल कुमार यादव ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया। संवाद

दैनिक जागरण 01/05/2025

## कनिष्ठों ने दी वरिष्ठों को भावभीनी विदाई



श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य • सौ. शिक्षक

संस, जागरण • कोसली: कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के महिला रीजनल सेंटर में अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कनिष्ठ छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ वरिष्ठ छात्राओं को विदाई दी। छात्राओं ने पेपर डांस, रैंप वाक, पिक ए स्लिप, ट्रुथ एंड डेयर जैसी मनोरंजक गतिविधियों में भाग लेकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। बीए की छात्रा सोनिया, बीएससी की छात्रा मुस्कान, बीकाम आनर्स की छात्रा जागृति, एमए राजनीति विज्ञान की छात्रा शालू को मिस फेयरवेल घोषित किया गया तथा उनके आत्मविश्वास, व्यवहार और योगदान के आधार पर सम्मानित किया गया। एसोसिएट प्रोफेसर डा.यशपाल शर्मा ने सभी छात्राओं को उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने कहा कि छात्राएं लक्ष्य को निर्धारित कर भविष्य की योजना बनाएं। डा. अनिल कुमार यादव ने कहा कि छात्राएं जीवन में उच्च आदर्श स्थापित कर संस्थान का नाम रोशन करें। कार्यक्रम का संचालन छात्रा अदिति ने किया। इस अवसर पर टीचिंग और नान टीचिंग स्टाफ के सदस्य व छात्राएं मौजूद थी।

दैनिक जागरण 18/05/2025

www.jagran.com

विविध गतिविधियां

## निदेशक का ग्रहण किया अतिरिक्त कार्यभार



रीजनल सेंटर में नए निदेशक का स्वागत करते स्टाफ के सदस्य • सौ. शिक्षक

संवाद सहयोगी, जागरण • कोसली: कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के महिला रीजनल सेंटर में डा. यशपाल शर्मा एसोसिएट प्रोफेसर रसायन विभाग ने शनिवार को नए निदेशक के रूप में अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण कर लिया। रीजनल सेंटर के सभी शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। डा. यशपाल शर्मा ने अपने संबोधन में रीजनल सेंटर को बालिकाओं का शिक्षा मंदिर बताया और कहा कि सभी को समर्पण और सहयोग के साथ छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करना है। रीजनल सेंटर के वरिष्ठ शिक्षक डा. अनिल कुमार ने डा. शर्मा का स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके मार्गदर्शन में संपूर्ण स्टाफ निष्ठा और उत्साह के साथ छात्राओं और संस्थान के उज्वल भविष्य के लिए कार्य करेगा।

दैनिक भास्कर 18/05/2025

## डॉ. यशपाल महिला रीजनल सेंटर के निदेशक बने

भास्कर न्यूज़ | नाहड़

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर, कृष्ण नगर में डॉ. यशपाल शर्मा ने निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार संभाल लिया है। वे रसायन विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर हैं। शुक्रवार 17 मई को उन्होंने यह जिम्मेदारी ग्रहण की। शिक्षण और गैर-शिक्षण स्टाफ ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता देकर शुभकामनाएं दीं।

डॉ. शर्मा ने अपने संबोधन में संस्थान को बालिकाओं के लिए एक मंदिर बताया। कहा, सभी को मिलकर समर्पण और सहयोग से छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए काम करना चाहिए। रीजनल सेंटर के सबसे सीनियर शिक्षक डॉ. अनिल कुमार ने उनका औपचारिक स्वागत किया। उन्होंने विश्वास जताया कि डॉ. शर्मा के मार्गदर्शन में स्टाफ पूरी निष्ठा और उत्साह से कार्य करेगा। कार्यक्रम का समापन सकारात्मक ऊर्जा और छात्राओं के उज्वल भविष्य के संकल्प के साथ हुआ।

अमर उजाला 18/05/2025

## डॉ. यशपाल शर्मा ने संभाला अतिरिक्त कार्यभार



कार्यभार ग्रहण करने पर डॉ. यशपाल शर्मा का स्वागत करते स्टाफ। स्रोत : कॉलेज

कोसली। सरकारी महिला रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में डॉ. यशपाल शर्मा ने रसायन विभाग में नए निदेशक के रूप में अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण किया है। इस अवसर पर रीजनल सेंटर के सभी शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट कर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का समापन छात्राओं तथा संस्थान के उज्ज्वल भविष्य के संकल्प के साथ हुआ। संवाद

दैनिक भास्कर 22/05/2025

# छात्राओं के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान करिअर काउंसलिंग कार्यक्रम होगा

भास्कर न्यूज | नाहड़

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर, कृष्ण नगर में जून 2025 में छात्राओं के लिए करिअर काउंसलिंग का आयोजन होगा। यह सेंटर दक्षिण हरियाणा का एकमात्र सरकारी महिला रीजनल सेंटर है। काउंसलिंग में आस-पास के गांवों की उन छात्राओं को शामिल किया जाएगा जिन्होंने हाल ही में 12वीं पास की है या स्नातक पूरा किया है।

रीजनल सेंटर के निदेशक डॉ. यशपाल शर्मा ने बताया कि ग्रामीण छात्राओं को जानकारी की कमी और समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह पहल की गई है। छात्राओं को उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, व्यावसायिक प्रशिक्षण और देश में उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी दी जाएगी। इससे वे अपने भविष्य को लेकर सही निर्णय ले सकेंगी। डॉ. अनिल कुमार यादव ने कहा कि छात्राओं के संदेहों का समाधान किया जाएगा। उन्हें उनकी योग्यता के अनुसार सही समय पर सही जानकारी दी जाएगी। यह प्रयास ग्रामीण छात्राओं के भविष्य निर्माण में मददगार होगा।

रीजनल सेंटर ने सभी 12वीं पास और स्नातक पास छात्राओं से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ लें। अभिभावकों से भी कहा गया है कि वे अपनी बेटियों को इस काउंसलिंग में भेजें। छात्राएं सही विकल्प चुनकर अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा तय कर सकेंगी। अधिक जानकारी के लिए छात्राएं और अभिभावक बीपीएसएमवी रीजनल सेंटर, कृष्ण नगर (लूला अहीर), रेवाड़ी में संपर्क कर सकते हैं। जल्द ही सेंटर में यूजी और पीजी कोर्सों की दाखिला प्रक्रिया भी शुरू होगी।

अमर उजाला

दैनिक जागरण 22/05/2025

## कृष्णा नगर में कॅरिअर काउंसिलिंग शुरू

कोसली। सरकारी महिला रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में छात्राओं को मार्गदर्शन के लिए एक व्यापक कॅरिअर काउंसिलिंग आयोजित की गई। सेंटर के निदेशक डॉ. यशपाल शर्मा ने कहा कि छात्राओं को उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, व्यावसायिक प्रशिक्षण और देश में उपलब्ध विभिन्न कॅरिअर विकल्पों की जानकारी देकर उनके भविष्य के निर्णयों को सशक्त बनाना उद्देश्य है। संवाद

दैनिक जागरण 23/05/2025

# ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान होगा करियर काउंसलिंग

- भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के छात्राओं के लिए की गई है व्यवस्था
- उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और व्यावसायिक प्रशिक्षण के क्षेत्र में होगी काउंसलिंग

संस, जागरण • कोसली: कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के महिला रीजनल सेंटर में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान जून माह में छात्राओं के मार्गदर्शन के लिए करियर काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। इसमें विशेष रूप से आस-पास के गांवों की उन छात्राओं के लिए व्यवस्था की गयी है जिन्होंने हाल ही में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की है या स्नातक कोर्स पूरा किया है। रीजनल सेंटर के निदेशक डा. यशपाल शर्मा ने कहा कि रीजनल सेंटर में ग्रामीण छात्राओं की समस्याओं और अनभिज्ञता को देखते हुए छात्राओं को उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, व्यावसायिक प्रशिक्षण और देश में उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी देकर उनके भविष्य के निर्णयों को सशक्त बनाना है।



रीजनल सेंटर के निदेशक डा. यशपाल शर्मा

डा. अनिल कुमार यादव ने कहा कि काउंसलिंग में ग्रामीण छात्राओं के संदेहों का समाधान कर उन्हें मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा जिससे छात्राओं को उचित समय पर भविष्य की सही जानकारियां उनकी योग्यता के अनुसार मिल सके जो कि उनके भविष्य के निर्माण में सहायक हो। इसके लिए एक अच्छी पहल ग्रामीण छात्राओं के लिए की गई है। उन्होंने सभी 12वीं पास, स्नातक पास छात्राओं और साथ ही उनके अभिभावकों से इस सुनहरे अवसर का पूरा लाभ उठाने की अपील की है जिससे ग्रामीण छात्राएं सही विकल्प चुनकर अपने उज्ज्वल भविष्य निर्माण कर सके। अधिक जानकारी के लिए छात्राएं और अभिभावक रीजनल सेंटर में संपर्क कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि शीघ्र ही रीजनल सेंटर के स्नातक और स्नातकोत्तर कोर्सों की दाखिला प्रक्रिया आरंभ होगी।

दैनिक जागरण 01/06/2025

# 'नौकरी में सेवानिवृत्ति जीवन का एक हिस्सा'



भगत फूलसिंह रीजनल सेंटर के आनंद प्रकाश की सेवानिवृत्ति पर मौजूद लोग •

संस, जागरण • कोसली: कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में शनिवार को नान टीचिंग कर्मी आनंद प्रकाश की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रीजनल सेंटर के सहकर्मियों ने उनकी कार्यशैली व कर्मठता की सराहना करते हुए उनके सुखद भविष्य की कामना की तथा संस्थान के प्रति उनके योगदान को सम्मानपूर्वक याद किया गया। निदेशक डा. यशपाल शर्मा ने आनंद प्रकाश के अपने कार्य के प्रति समर्पण और सेवाभाव की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान में योगदान उल्लेखनीय रहा। उनके उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु जीवन की कामना की। प्रवक्ता डा. अनिल कुमार यादव ने कहा कि सेवानिवृत्ति का अवसर जीवन का एक हिस्सा है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री विक्रम सिंह यादव, डा. अंजलि यादव, डा. प्रदीप शर्मा, अजय पाल, अंजू शर्मा व वीरेंद्र यादव, आनंद प्रकाश की धर्मपत्नी बिमला देवी, पुत्र संदीप यादव व परिवार के सदस्य, रामनिवास, विजय प्रकाश, ब्रह्म प्रकाश, अभय सिंह, सुमेर सिंह आदि मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर 02/06/2025

# रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में आनंद प्रकाश की सेवानिवृत्ति पर में भावुक विदाई के साथ के सम्मान समारोह आयोजित

भास्कर न्यूज | नाहड़

कृष्ण नगर स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में नॉन टीचिंग कर्मचारी आनंद प्रकाश के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत आनंद प्रकाश, उनके परिवार और मित्रों के स्वागत से हुई। फूल मालाएं और गुलदस्ते भेंट कर उनका सम्मान किया गया। माहौल में उनके प्रति स्नेह और सम्मान साफ नजर आया।

समारोह में गांव, परिवार और रिश्तेदारों के साथ बचपन के मित्र भी शामिल हुए। पूर्व कैबिनेट मंत्री बिक्रम सिंह यादव ने कहा कि आनंद के साथ स्कूल में पढ़ा हूं। वे समय के पाबंद और अनुशासनप्रिय हैं। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। रीजनल सेंटर के निदेशक डॉ. यशपाल शर्मा ने कहा कि आनंद प्रकाश का संस्थान में योगदान सराहनीय रहा। उन्होंने सेवा और समर्पण से काम किया। हम उनके अच्छे स्वास्थ्य और सुरक्षित जीवन की कामना करते हैं।

मंच संचालन डॉ. अनिल कुमार यादव ने किया। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन का वह पड़ाव है, जो कर्म, अनुशासन और सेवा से अर्जित सम्मान को दर्शाता है। इस अवसर पर डॉ. अंजलि यादव, डॉ. प्रदीप शर्मा, अजय पाल, अंजू शर्मा और वीरेंद्र यादव ने शुभकामनाएं दीं।

आनंद प्रकाश की पत्नी बिमला देवी, पुत्र संदीप यादव सहित परिवार के सदस्य मौजूद रहे। गांव से रामनिवास कोसली, विजय प्रकाश, ब्रह्म प्रकाश, अभय सिंह, सुमेर सिंह, राम कुवार और रामपाल भी पहुंचे। शिक्षण और गैर-शिक्षण स्टाफ ने आनंद प्रकाश को भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

समारोह भावनात्मक और गर्व से भरा रहा। आनंद प्रकाश के संस्थान के प्रति योगदान को सम्मानपूर्वक याद किया गया। उन्हें स्मृति चिह्न, शॉल और बुके देकर सम्मानित किया गया।

अमर उजाला 03/06/2025

# यूजी और पीजी कोर्सों में आवेदन कल से

रेवाड़ी। सरकारी महिला रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में यूजी और पीजी कोर्सों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 4 जून से आरंभ होकर 23 जून तक चलेगी।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी इच्छुक छात्राओं से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित तिथि से ऑनलाइन आवेदन पत्र भरना शुरू करें। निदेशक डॉ. यशपाल शर्मा ने कहा कि रीजनल सेंटर के यूजी और पीजी कोर्सों में दाखिले के लिए छात्राओं को सबसे पहले सभी जरूरी दस्तावेज के साथ ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना जरूरी है।

**23**
**जून तक ऑनलाइन लिए जाएंगे आवेदन**

इसके लिए जनरल कैटेगरी की फीस 500 रुपये और एससीबीसी 125 रुपये है। बिना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के किसी भी कोर्स में दाखिला नहीं हो पाएगा। सरकार की तरफ एससी बीसी कैटेगरी के छात्राओं के लिए स्कॉलरशिप का प्रावधान है।

उन्होंने बताया कि छात्रवृत्ति के लिए छात्राओं के पास अपना नया इनकम सर्टिफिकेट होना जरूरी है। छात्राएं अपने सभी जरूरी दस्तावेज बनवा लें। अधिक जानकारी के लिए रीजनल सेंटर में संपर्क किया जा सकता है। हेल्प डेस्क सुविधा उपलब्ध है।

कोर्स बीए (आनर्स) मल्टीडिसीप्लिनरी की 100 सीट, बीएससी इन फिजिकल साइंस (आनर्स) नान मेडिकल की 60 सीट, बीकॉम ऑनर्स की 60 सीट है तथा पीजी कोर्स एमए अंग्रेजी 30 सीट, एमए राजनीति विज्ञान में 40 सीट है।

दैनिक भास्कर 03/06/2025

# रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में 4 जून से शुरू होगी दाखिला प्रक्रिया, 23 तक चलेगी

- जनरल वर्ग के लिए रजिस्ट्रेशन फीस 500 रुपए और एससी-बीसी के लिए 125 रुपए

नाहड़ | भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर, कृष्ण नगर में यूजी और पीजी कोर्सों में दाखिले की ऑनलाइन प्रक्रिया 4 जून से शुरू होगी। यह प्रक्रिया 23 जून तक चलेगी। निदेशक डॉ. यशपाल शर्मा ने बताया कि दाखिले के लिए छात्राओं को सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। जनरल वर्ग के लिए रजिस्ट्रेशन फीस 500 रुपए और एससी/बीसी वर्ग के लिए 125 रुपए तय की गई है। बिना रजिस्ट्रेशन किसी भी कोर्स में दाखिला नहीं मिलेगा।

सरकार की ओर से एससी और बीसी वर्ग की छात्राओं के लिए स्कॉलरशिप का प्रावधान है। इसके लिए नया इनकम सर्टिफिकेट जरूरी होगा। छात्राओं को सलाह दी गई है कि वे समय रहते अपने सभी दस्तावेज तैयार कर लें। अधिक जानकारी के लिए रीजनल सेंटर में हेल्प डेस्क की सुविधा उपलब्ध है। डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि अब नए भवन में इंटरैक्टिव बोर्ड क्लासरूम जैसी आधुनिक सुविधाएं दी जा रही हैं। ऑनलाइन आवेदन विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.bpsmv.ac.in पर जाकर भरे जा सकते हैं।

## जानिए... कोर्स और सीटों की संख्या

नए शिक्षा नीति के तहत यूजी कोर्सों में बीए (ऑनर्स) मल्टीडिसिप्लिनरी की 100 सीटें, बीएससी फिजिकल साइंस (ऑनर्स) नॉन मेडिकल की 60 सीटें और बीकॉम ऑनर्स की 60 सीटें हैं। पीजी कोर्सों में एमए अंग्रेजी की 30 सीटें और एमए राजनीति विज्ञान की 40 सीटें हैं। दाखिले के लिए मेरिट सूची रीजनल सेंटर के नोटिस बोर्ड पर लगाई जाएगी।

दैनिक जागरण 03/06/2025

# यूजी व पीजी कोर्सों में आनलाइन दाखिला शुरू

संवाद सहयोगी जागरण कोसली: कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में स्नातक और स्नातकोत्तर कोर्सों की आनलाइन दाखिला प्रक्रिया चार से 23 जून तक चलेगी। निदेशक डा. यशपाल शर्मा ने बताया कि रीजनल सेंटर के यूजी और पीजी कोर्सों में दाखिले के लिए छात्राओं को जरूरी दस्तावेज के साथ आनलाइन रजिस्ट्रेशन करना है, जिसके लिए सामान्य वर्ग की फीस 500 रुपये और एससी-बीसी की 125 रुपये है। उन्होंने बताया कि सरकार की तरफ से छात्राओं के लिए स्कालरशिप की सुविधा है। निदेशक ने बताया कि आनलाइन आवेदन पत्र चार जून से भरे जा सकेंगे। नई शिक्षा नीति के अनुसार यूजी कोर्स-बीए (आनर्स) मल्टी डिसिप्लिनरी में 100 सीटें, बीएससी इन फिजिकल साइंस (आनर्स) नान मेडिकल में 60 सीटें, बीकाम आनर्स में 60 सीटें है। पीजी कोर्स में एमए अंग्रेजी में 30 सीटें, एमए राजनीति विज्ञान में 40 सीटों के लिए आनलाइन रजिस्ट्रेशन के बाद दाखिले के लिए मेरिट सूची रीजनल सेंटर के नोटिस बोर्ड पर लगाई जाएगी। आवेदन करने के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट या रीजनल सेंटर में आकर आनलाइन आवेदन किया जा सकता है। डा. अनिल कुमार ने बताया कि रीजनल सेंटर में छात्राओं को सभी आधुनिक सुविधाओं के साथ इंटरेक्टिव बोर्ड क्लास रूम की सुविधा उपलब्ध हैं।



निदेशक डा यशपाल शर्मा